**All India Media Association**
**(Under Operating By AIMAMEDIA Foundation)**


Manoj, Sonipat, Haryana (HR) (Otherpost.Aspx?By=138878)
07/03/2025 04:08 PM

## महिलाओं को राजनीति में रुचि लेनी चाहिए-कुलपति प्रो सुदेश

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा "भारत की पड़ोसी नीति के बदलते परिप्रेक्ष्य" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ रामपाल ने किया। बतौर मुख्य वक्ता बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय ,रोहतक के पूर्व कुलपति प्रोफेसर आर.एस. यादव ने छात्राओं को सम्बोधित किया।

प्रो. आर.एस. यादव ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों और दक्षिण एशियाई राजनीति के ख्याति प्राप्त विद्वान माने जाते हैं। प्रो यादव ने कहा कि भारत की पड़ोसी नीति समय के साथ बदलती वैश्विक एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों, भू-राजनीतिक चुनौतियों और कूटनीतिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित हुई है। प्रो यादव ने भारत की कूटनीतिक नीतियों, आर्थिक सहयोग, सुरक्षा चिंताओं और क्षेत्रीय सहयोग प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ उन्होंने भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों, सीमा विवादों, व्यापारिक साझेदारियों, रणनीतिक गठबंधनों और बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

कुलपति प्रो सुदेश ने अपने संदेश में कहा कि अंतरराष्ट्रीय सम्बन्ध किसी भी देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते है, और ये सम्बन्ध कूटनीतिक नीतियों पर निर्भर करते हैं। प्रो सुदेश ने कहा कि महिलाओं को राजनीति में रुचि लेनी चाहिए। देश का नेतृत्व महिलाएं बहुत ही अच्छी तरह कर सकती है। उन्होंने कहा कि यह व्याख्यान छात्राओं , शोधार्थियों और शिक्षाविदों के लिए भारत की विदेश नीति को बेहतर समझने और क्षेत्रीय एवं वैश्विक राजनीति के संदर्भ में इसकी प्रासंगिकता को जानने का एक महत्वपूर्ण अवसर था।
फोटो कैप्शन :-01. प्रोफेसर आर.एस. यादव छात्राओं को सम्बोधित करते हुए।



All India Media Association
(Under Operating By AIMAMEDIA Foundation)

Manoj, Sonipat, Haryana (HR) (Otherpost.Aspx?By=138878)
07/03/2025 04:06 PM

## जीवन में रंग व उत्सव सदैव बनें रहें-कुलपति प्रो सुदेश

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के विधि विभाग व छात्र कल्याण अधिष्ठाता द्वारा किया गया। जिसमें बतौर मुख्य विवि की कुलपति प्रो सुदेश ने शिरकत की। इस अवसर पर छात्राओं को होली की अग्रिम बधाई देते हुए कुलपति ने कहा कि होली रंगो का त्यौहार है, सभी बेटियों का जीवन होली के रंगों की भांति रौनक रहे। जीवन में रंग व उत्सव सदैव बनें रहें। उन्होंने कहा जीवन में हमेशा बड़ा सोचो और सोच को पूर्ण करने के लिए अथक प्रयास भी करो। सफलता मेहनत से मिलती है इसका कोई भी शॉर्टकट नहीं है।

इस मौके पर प्रो कुलपति सुदेश को सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ कृतिका दहिया ने गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

फोटो कैप्शन :-02 छात्राओं को होली की शुभकामनाएं देते कुलपति प्रो सुदेश।



102 views

4

All India Media Association
(Under Operating By AIMAMEDIA Foundation)

Manoj, Sonipat, Haryana (HR) (Otherpost.Aspx?By=138878)
07/03/2025 04:03 PM

# हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड व महिला विश्वविद्यालय की 'डिजिटल सहेली' – महिलाओं के डिजिटल सशक्तिकरण की नई पहल-प्रो सुदेश

हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड व महिला विश्वविद्यालय की 'डिजिटल सहेली' – महिलाओं के डिजिटल सशक्तिकरण की नई पहल-प्रो सुदेश खानपुर कलां -7 मार्च।भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां स्थित हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (एच के सी एल ) ने 'डिजिटल सहेली' कार्यक्रम की शुरुआत की है, जो महिलाओं को डिजिटल कौशल से सशक्त बनाने के लिए एक अनूठी पहल है। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत आज महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने की। कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में इस कोर्स की शुरुआत महिलाओं को आधुनिक तकनीक, डिजिटल उपकरणों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगा। कुलपति ने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं को डिजिटल इंडिया की यात्रा में एक मजबूत भागीदार बनने का अवसर प्रदान करेगा। हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के महिला विश्वविद्यालय कैंपस के एग्जीक्यूटिव मैनेजर सुनील ने बताया कि डिजिटल सहेली 3 घंटे का ऑनलाइन कोर्स है जो सिर्फ महिलाओं के लिए है। उन्होंने कहा कि -

डिजिटल सहेली क्यों है खास?

यह कोर्स महिलाओं को 21वीं सदी की डिजिटल दुनिया से जोड़ने के लिए तैयार किया गया है। जिसमे -

ऑफिस स्किल्स – आधुनिक कार्यालय एप्लिकेशन और डिजिटल टूल्स का कुशल उपयोग
मोबाइल ऐप्स स्किल्स – रोजमर्रा के कामों में मोबाइल ऐप्स की स्मार्ट उपयोगिता
डिजिटल इंडिया स्किल्स – सरकारी डिजिटल सेवाओं और ई-गवर्नेंस टूल्स का लाभ उठाना साइबर सुरक्षा – ऑनलाइन सुरक्षा और डेटा संरक्षण की जानकारी
आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और चैट जी पी टी – आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कार्यो को स्मार्ट तरीके से करना है।

महिला विश्वविद्यालय की आई टी सेल की निदेशक डॉ सोनल बेनीवाल ने बताया कि 'डिजिटल सहेली' का उद्देश्य महिलाओं को केवल तकनीकी शिक्षा देना नहीं, बल्कि उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। डिजिटल ज्ञान प्राप्त कर महिलाएं अपना व्यवसाय शुरू कर सकती हैं, नौकरी के नए अवसर तलाश सकती हैं, घर बैठे ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकती हैं और अपने परिवार व समाज को भी डिजिटल रूप से जागरूक कर सकती हैं।'डिजिटल सहेली' के लांचिंग अवसर पर महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव , प्रॉक्टर प्रो इप्शिता बंसल , सामाजिक कार्य विभाग की अध्यक्षा डॉ मंजू पंवार भी मौजूद रहे। फोटो कैप्शन :-03. 'डिजिटल सहेली' का औपचारिक शुरुआत करते महिला विवि के कुलपति प्रो सुदेश , कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव व अन्य।

# बदलते समय के साथ विकसित हुई है पड़ोसी नीति: प्रो. यादव

गोहाना, 8 मार्च (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'भारत की पड़ोसी नीति के बदलते परिप्रेक्ष्य' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. रामपाल ने की। मुख्य वक्ता बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक के पूर्व वी.सी. प्रो. आर.एस. यादव रहे।

प्रो. आर.एस. यादव अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और दक्षिण एशियाई राजनीति के ख्याति प्राप्त विद्वान माने जाते हैं। प्रो. यादव ने कहा कि भारत की पड़ोसी नीति समय के साथ बदलती वैश्विक एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों, भू-राजनीतिक चुनौतियों और कूटनीतिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित हुई है।

प्रो. यादव ने भारत की कूटनीतिक नीतियों, आर्थिक सहयोग, सुरक्षा चिंताओं और क्षेत्रीय सहयोग प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ उन्होंने भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों, सीमा विवादों, व्यापारिक सांझेदारियों, रणनीतिक गठबंधनों और बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।



प्रो. आर.एस. यादव छात्राओं को संबोधित करते हुए। (अरोड़ा)

वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सम्बन्ध किसी भी देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और ये सम्बन्ध कूटनीतिक नीतियों पर निर्भर करते हैं।

प्रो. सुदेश ने कहा कि महिलाओं को राजनीति में रुचि लेनी चाहिए। देश का नेतृत्व महिलाएं बहुत ही अच्छी तरह कर सकती हैं।

# एच.के.सी.एल. ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दी 'डिजिटल सहेली' की सौगात



'डिजिटल सहेली' कोर्स का शुभारंभ करते प्रो. सुदेश और डॉ. शिवालिक। (अरोड़ा)

गोहाना, 8 मार्च (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय स्थित हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एच.के.सी.एल. ) ने 'डिजिटल सहेली' कोर्स की शुरूआत की है। यह कोर्स महिलाओं को डिजिटल कौशल से सशक्त बनाने के लिए एक अनूठी पहल है। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत वी.सी. प्रो सुदेश और रजिस्ट्रार डॉ. शिवालिक यादव ने की।

प्रो. सुदेश ने कहा कि इस कोर्स की शुरूआत महिलाओं को आधुनिक तकनीक, डिजिटल उपकरणों और आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस के उपयोग की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगा।

एच.के.सी.एल. के महिला विश्वविद्यालय कैंपस के एग्जीक्यूटिव मैनेजर सुनील कुमार ने कहा कि डिजिटल सहेली 3 घंटे का ऑनलाइन कोर्स है जो सिर्फ महिलाओं के लिए है। आई.टी. सैल की निदेशक डॉ. सोनल बेनीवाल ने बताया कि 'डिजिटल सहेली' का उद्देश्य महिलाओं को केवल तकनीकी शिक्षा देना नहीं बल्कि उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

# परिप्रेक्ष्य विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भारत की पड़ोसी नीति के बदलते परिप्रेक्ष्य विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। संयोजन विभागध्यक्ष डॉ. रामपाल का रहा। बतौर मुख्य वक्ता बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, रोहतक के पूर्व कुलपति प्रो. आरएस यादव ने कहा कि भू-राजनीतिक चुनौतियों और कूटनीतिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित हुई हैं।

# महिला विश्वविद्यालय में डिजिटल सहेली कार्यक्रम का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

■ महिलाओं को डिजिटल कौशल से सशक्त बनाने की अनूठी पहल : प्रो. सुदेश



गोहाना। डिजिटल सहेली' का औपचारिक शुरुआत करते महिला विवि के कुलपति प्रो. सुदेश, कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव व अन्य।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में हरियाणा नालेज कारपोरेशन लिमिटेड ने डिजिटल सहेली कार्यक्रम की शुरुआत की। यह कोर्स महिलाओं को 21वीं सदी की डिजिटल दुनिया से जोडने के लिए तैयार किया गया है। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि महिलाओं को डिजिटल कौशल से सशक्त बनाने के लिए एक अनूठी पहल है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में इस कोर्स की शुरुआत महिलाओं को आधुनिक तकनीक, डिजिटल उपकरणों और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के उपयोग की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगा। कुलपति ने कहा कि यह कार्यक्रम महिलाओं को डिजिटल इंडिया की यात्रा में एक मजबूत भागीदार बनने का अवसर प्रदान करेगा।

**तीन घंटे का आनलाइन कोर्स :** हरियाणा नालेज कारपोरेशन लिमिटेड के महिला विश्वविद्यालय कैंपस के एक्यूटिव मैनेजर सुनील ने बताया कि डिजिटल सहेली तीन घंटे का आनलाइन कोर्स है जो सिर्फ महिलाओं के लिए है। महिला विश्वविद्यालय की आइटी सेल की निदेशक डॉ. सोनल बेनीवाल ने बताया कि डिजिटल सहेली का उद्देश्य महिलाओं को केवल तकनीकी शिक्षा देना नहीं बल्कि उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इस मौके पर महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव, प्राक्टर प्रो. इप्शिता बंसल, सामाजिक कार्य विभाग की अध्यक्ष डा. मंजू पंवार मौजूद रहे।

# 'अंतरराष्ट्रीय सबंध किसी भी देश के विकास में महत्वपूर्ण'

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा भारत की पड़ोसी नीति के बदलते परिप्रेक्ष्य विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक के पूर्व कुलपति प्रो. आरएस यादव ने कहा कि भारत की पड़ोसी नीति समय के साथ बदलती वैश्विक एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों, भू-राजनीतिक चुनौतियों और कूटनीतिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित हुई है। उन्होंने भारत की कूटनीतिक नीतियों, आर्थिक सहयोग, सुरक्षा चिंताओं और क्षेत्रीय सहयोग प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों, सीमा विवादों, व्यापारिक साझेदारियों, रणनीतिक गठबंधनों और बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंध किसी भी देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते है और ये कूटनीतिक नीतियों पर निर्भर करते हैं। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि महिलाओं को राजनीति में रुचि लेनी चाहिए। देश का नेतृत्व महिलाएं बहुत ही अच्छी तरह कर सकती है।

# जीवन में होली के रंगों की तरफ रौनक रहे : प्रो. सुदेश



भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में विधि विभाग व छात्र कल्याण अधिष्ठाता द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है और सभी बेटियों का जीवन होली के रंगों की भांति रौनक रहे। जीवन में रंग व उत्सव सदैव बनें रहे। उन्होने कहा जीवन में हमेशा बड़ा सोचो और सोच को पूर्ण करने क लिए अथक प्रयास भी करो। सफलता मेहनत से मिलती है। इस मौके पर अधिकारियों और छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया।




कुलपति प्रो. सुदेश व अधिकारी डिजिटल सहेली कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए •

# विश्वविद्यालय में डिजिटल सहेली कार्यक्रम की शुरुआत

**वि., गोहाना** : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में हरियाणा नालेज कारपोरेशन लिमिटेड ने डिजिटल सहेली कार्यक्रम की शुरुआत की। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि महिलाओं को डिजिटल कौशल से सशक्त बनाने के लिए एक अनूठी पहल है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में इस कोर्स की शुरुआत महिलाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग की जानकारी देकर की गई।

# छात्राओं को दी भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों की जानकारी




**गोहाना** | बीपीएस महिला विवि में राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से भारत की पड़ोसी नीति के बदलते परिप्रेक्ष्य विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बाबा मस्तनाथ विवि रोहतक के पूर्व कुलपति प्रो. आरएस यादव ने भारत की कूटनीतिक नीतियों, आर्थिक सहयोग, सुरक्षा चिंताओं और क्षेत्रीय सहयोग प्रयासों पर चर्चा की। साथ ही भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों, सीमा विवादों, व्यापारिक साझेदारियों, रणनीतिक गठबंधनों और बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत की पड़ोसी नीति समय के साथ बदलती वैश्विक एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों, भू-राजनीतिक चुनौतियों और कूटनीतिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित हुई है। महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंध किसी भी देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। ये संबंध कूटनीतिक नीतियों पर निर्भर करते हैं। ऐसे में महिलाओं को राजनीति में रुचि लेनी चाहिए। देश का नेतृत्व महिलाएं बहुत ही अच्छी तरह कर सकती हैं।

# महिला विश्वविद्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित

गोहाना, 8 मार्च (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के विधि विभाग व छात्र कल्याण अधिष्ठाता द्वारा किया गया। जिसमें बतौर मुख्य विवि की कुलपति प्रो. सुदेश न शिरकत की। इस अवसर पर छात्राओं को होली की अग्रिम बधाई देते हुए कुलपति ने कहा कि होली रंगो का त्यौहार है, सभी बेटियों का जीवन होली के रंगों की भांति रौनक रहे। जीवन में रंग वउत्सव सदैव बनें रहे। उन्होने कहा जीवन में हमेशा बड़ा सोचो और सोच को पूर्ण करने क लिए अथक प्रयास भी करो। सफलता मेहनत से मिलती है इसका कोई भी शॉर्टकट नहीं है। इस मौके पर प्रो. कुलपति सुदेश को सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. कृतिका दहिया ने गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

# बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में 'डिजिटल सहेली' 'कार्यक्रम का शुभारम्भ

गोहाना, 8 मार्च (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय स्थित हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचकेसीएल) ने 'डिजिटल सहेली' कार्यक्रम की शुरुआत महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश द्वारा की गई। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि इस कोर्स की शुरुआत महिलाओं को आधुनिक तकनीक, डिजिटल उपकरणों और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के उपयोग की जानकारी देकर आत्मनिर्भर बनने में मदद करेगा और यह कार्यक्रम महिलाओं को डिजिटल इंडिया की यात्रा में एक मजबूत भागीदार बनने का अवसर प्रदान करेगा। हरियाणा नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के महिला विश्वविद्यालय कैंपस के एक्यूटिव मैनेजर सुनील बताया कि डिजिटल सहेली 3 घंटे का ऑनलाइन कोर्स है जो सिर्फ महिलाओं के लिए है। उन्होंने कहा कि यह कोर्स महिलाओं को 21वीं सदी की डिजिटल दुनिया से जोड़ने के लिए तैयार किया गया है। जिसमे ऑफिस स्किल्स आधुनिक कार्या एप्लिकेशन और डिजिटल टूल्सज का कुशल उपयोग, मोबाइल ऐप्स स्किल्स-रोजमर्रा के कामों में मोबाइल ऐप्स की स्मार्ट उपयोगिता,डिजिटल इंडिया स्किल्स- सरकारी डिजिटल सेवाओं और ई-गवर्नेंस टूल्स का लाभ उठाना आदि कार्यों को स्मार्ट तरीके से करना है।



'डिजिटल सहेली' की औपचारिक शुरुआत करते कुलपति प्रो. सुदेश, कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव व अन्य।